देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 168 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 4 अक्टूबर 2020

**विचार–प्रवाह...**बिहार विधानसभा चुनाव





मौसम — अधिकतम 31.0° न्यूनतम 21.0°

37244.59

**2** किम ने ट्रंप के लिए भेजा संदेश

**7** राजस्थान रॉयल्स के लिए अच्छी खबर

### भूल सुधार

पेज थ्री समाचार पत्र के दिनांक 1 अक्टूबर के अंक में प्रथम पृष्ठ पर भूल वर्ष 1 सितंबर प्रकाशित हो गया है। जिसका हमें अत्यन्त खेद है। कृपया इसे अक्टूबर पढ़ा जाए।

–सम्पादक

## संक्षिप्त समाचार

### रामविलास की तबीयत बिगड़ने से एलजेपी की बैठक टली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के बीच लोक जनशक्ति पार्टी का मसला अभी उलझा रहेगा। एनडीए में रहने से लेकर सीट बंटवारे तक तमाम मुद्दों पर शाम खत्म होने वाला सस्पेंस अभी बरकरार रहेगा। केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की तबीयत बिगड़ने से एलजेपी संसदीय बोर्ड की बैठक टल गई है। लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष चिराग पासवान व सांसद प्रिंस राज अस्पताल रवाना हो गए हैं। इस बीच बड़ा सवाल यह खड़ा है कि क्या एलजेपी चुनाव में एनडीए में रहते हुए 143 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी? सवाल यह भी है कि ऐसा करते हुए क्या उसका एनडीए में बजे रहना संभव है?

### महागठबंधन में सीटें फाइनल, 144 पर आरजेडी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बिहार चुनाव को लेकर महागठबंधन में सीट शेयरिंग का फॉर्म्युला फाइनल हो गया है। शनिवार को आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने सीट बंटवारे की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि बिहार चुनाव में आरजेडी 144 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस 70 सीटों दी गई हैं। साथ ही पार्टी वाल्मीकिनगर लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में उम्मीदवार उतारेगी। सीपीएम को 4 सीटें, सीपीआई को 6, सीपीआई माले को 19 सीटें दी गई हैं। हेमंत सोरेन की जेएमएम और वीआईपी को आरजेडी अपने कोटे से सीट देगी। इसी बीच सीट शेयरिंग से नाराज मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी के कार्यकर्ताओं ने टिकट बंटवारे को लेकर हंगामा किया है।

# सबसे लंबी सुरंग अटल टनल का उद्घाटन

## पीएम मोदी बोले– केवल 6 साल में पूरा किया 26 सालों का काम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अटल टनल रोहतांग देश को समर्पित कर दी। इसके बाद रोहतांग सुरंग से सफर कर दूसरे छोर पर लाहुल–स्पीति जिला के सिस्सू में पहुंचे। यहां पीएम ने स्च्की विलेज के मॉडल को देखा। पीएम मोदी ने सिस्च्सू में जनसभा के बाद सोलंगनाला का रुख किया। करीब 21 मिनट बाद टनल से होते हुए प्रधानमंत्री सुरंग के साउथ पोर्टल पर कुल्ल्वू जिला के सोलंग में पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़ी परियोजनाओं को नजरअंदाज करने के लिए कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि देश ने लंबे समय तक एक ऐसा दौर भी देखा जब रक्षा हितों के साथ समझौता किया गया।

■अटल टनल को बनाने में खर्च हुए 3200 करोड़ रुपये

प्रधानमंत्री ने हिमाचल प्रदेश के रोहतांग में 10 हजार फीट की ऊंचाई पर निर्मित 'अटल टनल' के उद्घाटन के बाद यहां एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। मनाली को लाहौल–स्पीति घाटी से जोड़ने वाली 9.02 किलोमीटर लंबी अटल सुरंग दुनिया की सबसे लंबी राजमार्ग सुरंग है। सामरिक रूप से महत्वपूर्ण यह सुरंग हिमालय की पीर पंजाल श्रृंखला में औसत समुद्र तल से 10,000 फीट की ऊंचाई पर अति–आधुनिक विशिष्टताओं के साथ बनाई गई है।

**यूपीए सरकार पर निशाना साधा:** पीएम मोदी ने कहा कि वाजपेयी सरकार जाने के बाद इस प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। उन्होंने कहा, ष्साल 2002 में अटल जी ने इस टनल के लिए अप्रोच रोड का शिलान्यास किया था। अटल जी की सरकार जाने के बाद, जैसे इस काम को भी भुला दिया गया। हालत ये थी कि साल 2013–14 तक टनल के लिए सिर्फ 1300 मीटर का काम हो पाया था। एक्सपर्ट बताते हैं कि जिस रफ्तार से 2014 में अटल टनल का काम हो रहा था, अगर उसी रफ्तार से काम चला होता तो ये सुरंग साल 2040 में जाकर पूरा हो पाती। आपकी आज जो उम्र है, उसमें 20 वर्ष और जोड़ लीजिए, तब जाकर लोगों के जीवन में ये दिन आता, उनका सपना पूरा होता।

मोदी ने कहा कि पिछली सरकार की उपेक्षा के बावजूद उनकी सरकार ने तेजी दिखाई। उन्होंने कहा, अटल टनल के काम में 2014 के बाद, अभूतपूर्व तेजी लाई गई। नतीजा ये हुआ कि जहां हर साल पहले 300 मीटर सुरंग बन रही थी, उसकी गति बढ़कर 1400 मीटर प्रति वर्ष हो गई। सिर्फ 6 साल में हमने 26 साल का काम पूरा कर लिया। अटल टनल को बनाने में 3200 करोड़ रुपये की लागत आई है। इस परियोजना को 6 साल में पूरा किया जाना था, लेकिन यह 10 साल में पूरी हो गई।

### अटकी, भटकी, या फिर लटक गईं योजनाएं

पीएम मोदी ने कहा कि हमेशा से यहां अवसंरचनाओं को बेहतर बनाने की मांग उठती रही, लेकिन लंबे समय तक देश में सीमा से जुड़ी विकास की परियोजनाएं या तो योजना के स्तर से बाहर ही नहीं निकल सकीं। उन्होंने कहा कि जो (परियोजनाएं) निकली भी वो या तो अटक गईं या फिर लटक गईं और भटक गईं।



# हाथरस कांड को लेकर उफान पर है सियासत

## बिटिया के परिवार से मिलकर बोले गृह सचिव–एसआईटी की जांच जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हाथरस। हाथरस कांड को लेकर सियासत उफान पर है। वहीं इसी बीच उत्तर प्रदेश के डीजीपी और अपर मुख्य सचिव शनिवार हाथरस पहुंचे। उत्तर प्रदेश पुलिस के मुखिया हितेश चंद्र अवस्थी और अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने हाथरस में पीड़ित परिवार से मुलाकात भी की।

प्रेस कांफ्रेंस में यूपी सरकार के अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि सरकरा द्वारा गठित की गई एसआईटी की पहली रिपोर्ट सरकार को कल प्राप्त हुई, जिसके बाद ही सीएम योगी द्वारा तत्कालीन एसपी और सीओ समेत पांच पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि पूरे मामले को लेकर मुख्यमंत्री ने एसआईटी का गठन किया है एसआईटी ने स्वयं हमारे विभाग के सचिव भगवान स्वरूप हैं। उसमें डीआईजी जिसमें चंद्र प्रकाश जी एक महिला अधिकारी पीएससी आगरा की है एसआईटी ने अपना काम शुरू कर दिया है और परिवार वालों के बयान कुछ हद तक ले लिए गए हैं।

एसआईटी पहली रिपोर्ट कल 4:00 बजे शाम को शासन में प्राप्त हुई। मुख्यमंत्री ने कल ही शाम को ही दो घंटे के अंदर तत्कालीन जो एसपी है तत्कालीन जो सीओ तत्कालीन इंस्पेक्टर सीनियर इंस्पेक्टर इन सबको निलंबित करने का आदेश दिया और कल ही सभी अधिकारी निलंबित कर दिए गए।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि एसआईटी की जांच चल रही है। एसआईटी अपना काम कर रही है। इसके अलावा परिवार वालों ने जो चीजें हमें नोट कराई है हमने उन्हें कहा है एसआईटी बैठकर जितना भी समय लगेगा परिवार की तरफ से जो भी बिंदु आएंगे जो भी उनकी शिकायत होगी या जो भी उनका बिंदु आएगा उसको एसआईटी नोट करेगा और एक एक चीज पर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

### सांसदों संग हाथरस पहुंचे राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पीड़ित परिवार से मिलने के लिए सांसदों के साथ दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय से हाथरस के लिए रवाना हो गए हैं। उनके दौरे को देखते हुए डीएनडी फ्लाइवे पर बैरिकेडिंग लगाकर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। राहुल के दौरे से पहले बीजेपी की बयानबाजी तेज हो गई है।

# सुशांत सिंह राजपूत ने सूइसाइड ही किया है, हत्या नहीं हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुशांत सिंह राजपूत केस में जांच कर रही एम्स के फरेंसिक एक्सपर्ट्स की टीम ने अपनी रिपोर्ट सीबीआई के पास जमा कर दी है। इस फरेंसिक टीम ने अपनी आखिरी और फाइनल रिपोर्ट में बताया है कि सुशांत की मौत आत्महत्या के कारण हुई है। एम्स के एक्सपर्ट पैनल के हेड डॉक्टर सुधीर गुप्ता ने सुशांत का गला दबाकर मारे जाने की किसी भी संभावना से इनकार किया है।

**शरीर पर चोट के निशान नहीं**

एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, एम्स के फरेंसिक हेड डॉक्टर सुधीर गुप्ता ने बताया, श्हमने अपनी फाइनल रिपोर्ट तैयार कर ली है। यह पूरी तरह से फांसी लगाए जाने और आत्महत्या का मामला है।श उन्होंने अपने बयान में आगे कहा, श्सुशांत की बॉडी पर फांसी के अलावा कोई अन्य चोट के निशान नहीं थे। मृतक की बॉडी या कपड़ों पर भी कोई संघर्ष/हाथापाई के निशान भी नहीं पाए गए हैं।

एम्स के 7 फरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने अपनी जांच के बारे में सीबीआई की टीम से लंबी चर्चा की है। डॉक्टर गुप्ता ने आगे कहा, सुशांत की बॉडी में बॉम्बे फरेंसिक साइंस लैब या एम्स की टॉक्सिकोलोजी लैब को कोई भी जहरीला या नशीला पदार्थ नहीं मिला है। गर्दन पर मिला पूरा निशान फांसी लगाने के कारण बना है। इससे पहले सुशांत का पोस्टमॉर्टम करने वाले कूपर हॉस्पिटल के पैनल ने भी सुशांत की मौत को आत्महत्या ही बताया था। हालांकि मेडिकल बोर्ड ने रिपोर्ट की ज्यादा डीटेल्स देने से इनकार कर दिया है क्योंकि केस अभी कोर्ट के सामने विचाराधीन है।

बता दें कि सुशांत के परिवार, दोस्त और फैन्स पिछले कई दिनों से सीबीआई जांच में हो रही देरी पर निराशा जता रहे हैं। इसके अलावा परिवार और फैन्स की मांग यह भी है कि इस केस की जांच आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या के ऐंगल से की जाए।

### खुलासा

■बॉडी में नहीं मिला कोई जहरीला या नशीला पदार्थ: एम्स

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# दुश्मनों को एक बार फिर सुनाई देगी राफेल की गर्जना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश के दुश्मनों को एक बार फिर राफेल लड़ाकू विमान की गर्जना सुनाई देगी। राफेल लड़ाकू विमान एक बार फिर लोगों के सामने उड़ान भरने वाले हैं। आठ अक्टूबर को वायु सेना दिवस है। इस दिन ही राफेल लड़ाकू विमान वायु सेना की परेड में हिस्सा लेंगे और आसमान में ऊंची उड़ान भी भरेंगे। पांच राफेल लड़ाकू विमानों को आधिकारिक रूप से 10 सिंतबर को अंबाला (हरियाणा) में भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया था।

बता दें कि मीटिअर मिसाइल के साथ राफेल जेट को एशिया का सबसे ताकतवर लड़ाकू विमान कहा जा सकता है। राफेल में मीका मिसाइल है जिसे हवा से लॉन्च किया जा सकता है।

भारतीय वायुसेना में राफेल के शामिल होने से सबसे ज्यादा चिंता हमारे पड़ोसी देशों पाकिस्तान और चीन को ही हो रही है। दुनिया के सबसे बेहतरीन लड़ाकू विमानों में से एक राफेल भारतीय सेना की ताकत को मजबूती करेंगे। पहले चरण में 5 राफेल लड़ाकू विमान भारत के अंबाला एयरबेस पर आए हैं।

### भारतीय वायु सेना की परेड में भरेंगे ऊंची उड़ान